BSES
BSES Rajdhani Power Limited
... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

संवाद

दिल्ली के ऊर्जा मंत्री ने किया बीएसईएस के पहले स्मार्ट चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन

बीआरपील के पहले स्मार्ट ईवी चार्जिंग स्टेशन, जिसे जेनसॉल चार्ज प्राइवेट लिमिटेड और टेकपर्सपेक्ट के साथ मिलकर साउथ एक्सटेंशन पार्ट–2 मार्केट में स्थित बीआरपीएल के ग्रिड सब–स्टेशन में लगाया गया है, का उद्घाटन दिल्ली के माननीय ऊर्जा मंत्री श्री सत्येन्द्र जैन ने किया। 11 जून, 2019 को हुए इस उद्घाटन समारोह में माननीय विधायक श्री मदन लाल और बीआरपीएल सीईओ श्री अमल सिन्हा के नेतृत्व में बीएसईएस के सीनियर अधिकारी मौजूद थे। ऐसे 150 से अधिक ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाए जाएंगे, जिनमें से 50 चार्जिंग स्टेशन वित्त वर्ष 2019–20 में लगाए जाएंगे।

इलेक्ट्रिफाई मोबाइल ऐप के माध्यम से, ईवी मालिक निकटतम चार्जिंग स्टेशन को लोकेट कर सकते हैं, अग्रिम ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं और यहां तक कि क्रेडिट/डेबिट कार्ड, ई वॉलेट, यूपीआई और भीम जैसे ऑनलाइन माध्यमों से भुगतान भी कर सकते हैं।

बारिश के दौरान ऐसे रहें सुरक्षित

मॉनसून एक बार फिर दस्तक दे रहा है। उमंग और उल्लास के साथ–साथ मॉनसून अपने साथ कुछ समस्याएं भी लाता है और इस सीजन में वॉटर लॉगिंग के कारण बिजली से संबंधित दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। लेकिन, कुछ सावधानियां बरतकर आप खुद को और अपने प्रियजनों को सुरक्षित रख सकते हैं और इस तरह, दुर्घटना–मुक्त मॉनसूस को सुनिश्चित किया जा सकता है।

- बिजली के पोल, सब–स्टेशन, टांसफॉर्मर, स्ट्रीट लाइट समेत बिजली के सभी उपकरणों से दूर रहें
- बच्चों को जागरूक करें कि वे बिजली उपकरणों/ इंस्टलेशंस के पास न खेलें, अगर इन चीजों को बेरिकेड किया गया हो, तो भी
- घर के अंदर या कहीं भी, बिजली से चलने वाले सामान/उपकरणों को गीले हाथों से न छुएं
- अपने घर पर एक टेस्टर रखें। यदि कोई स्विच या आपके घर की दीवार गीली हो, तो इसे न छुएं। पहले टेस्टर से चेक कर लें कि कहीं उनमें करंट तो नहीं आ रहा है। जरूरत हो, तो अपने इलेक्ट्रिशियन को कॉल करें।

अपने पुराने एसी की जगह लगवाएं नया 5-स्टार एसी और भारी डिस्काउंट पाएं



क्या आपने अधिक बिजली की खपत करने वाले अपने पुरानी एसी को बदलकर, 54 प्रतिशत तक के डिस्काउंट के साथ नया 5–स्टार एसी लगवाया! बीआरपीएल के एसी रिप्लेसमेंट स्कीम के तहत सिर्फ 10,000 एसी इस स्कीम पर उपलब्ध हैं। डायकिन, ब्लू स्टार, एलजी, वोल्टास और गोदरेज जैसे ब्रांड्स के विंडो और स्प्लिट एसी भारी छूट पर बीआरपीएल उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध हैं।

ये स्प्लिट और विंडो एसी आपको क्रमशः 7000 रूपये तक (908 यूनिट) और 6050 रूपये तक (785) यूनिट बचा सकते हैं। आप www.bsesdelhi.com या डोर स्टेप सर्विस के माध्यम से इस स्कीम के लिए आवेदन कर सकते हैं। आप अपनी जिज्ञासाओं के लिए 19123 / 39999707 पर फोन कर सकते हैं या फिर 9267987354 पर वॉट्सऐप कर सकते हैं, जिसका समाधान 72 घंटों के भीतर कर दिया जाएगा।

इन आसान उपायों से करें डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया की रोकथाम

- अपने आस–पास पानी जमा न होने दें, ये मच्छर साफ व स्थिर पानी में पैदा होते हैं
- वॉटर कूलर को हर सप्ताह रगड़कर साफ करें व सुखाएं
- घर के अंदर लगे पौधों तथा चिड़ियों के लिए रखे गए कंटेनरों का पानी हर हफ्ते बदलें
- वॉटर टैंक/कंटेनर आदि के कवर को बंद रखें। वॉटर टैंकों को ओवरफ्लो न होने दें
- मच्छर भगाने वाली टिकया/मच्छरदानी का इस्तेमाल करें, ताकि मच्छर न काटें
- मच्छरों से बचने के लिए पूरी बाजू के कपड़े पहनें

मोबाइल ऐप और वॉट्सऐप नंबरों जैसे सुविधाजनक माध्यमों से बिजली गुल की शिकायत दर्ज कराएं

टॉल फ्री 24x7
19123

वॉट्सऐप
डुप्लिकेट बिल के लिए
(Type #Bill 9 digit CA No & send to 9999919123)

वॉट्सऐप
बिजली गुल की शिकायत करें
(Type #NC 9 digit CA No & send to 9999919123)

आपातकालीन (आग व झटका)
1800 10 39707

अपने फीडबैक भेजें: कारपोरेट कम्युनिकेशन, बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड, बीएसईएस भवन, नेहरु प्लेस, नयी दिल्ली–110019
CIN No.: U40109DL2001PLC111527, GSTIN.: 07AAGCS3187H2Z3 011 399-99-707/19123 www.bsesdelhi.com www.facebook.com/bsesdelhi https://twitter.com/BSESDELHI

संवाद में एडवरटाइज के लिए brpl.bd@relianceada.com पर ईमेल करें अथवा 8375010861 पर कॉल करें | बीआरपीएल राजधानी पावर लिमिटेड संवाद में प्रकाशित एडवरटिजमेंट के लिए कानूनी रुप से जिम्मेवार नही है।